## जल जीवन मिशन–''हर घर नल से जल योजना'' कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 08.11.2024 को जिलाधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में जनपद–बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन–''हर घर नल से जल योजना'' कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 08.11.2024 को जिलाधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में जनपद–बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा हेतु कलेक्ट्रट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
2. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलिया।
3. जिला विकास अधिकारी, बलिया।
4. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, बलिया।
5. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड–प्रथम, बलिया।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बलिया।
7. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, बलिया।
8. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
9. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, बलिया।
10. टीम लीडर, मेसर्स मेधज लि, (टी.पी.आई.)।
11. समस्त संस्था प्रमुख इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सीज़।
12. टीम लीडर, स्वजन फाउण्डेशन, बलिया।
13. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स EIIL-SIPL(JV), बलिया।
14. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स L & T बलिया।
15. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स GAJA-GAINFRA(JV), बलिया।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, जनपद बलिया में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद के समस्त 17 विकास खण्डों को तीन भागों में विभाजित करते हुये 03 नग सतही स्रोत आधारित पेयजल योजनाओं क्रमशः बेलहरी, हनुमानगंज एवं मनियर पाइप पेयजल योजना का निर्माण अनुबन्ध सं0 क्रमशः 06/ED/Phese-4/2023-24 दिनांक 15-07-2023, 01/ED/Phese-4/2023-24 दिनांक 14-07-2023 एवं 11/ED/Phese-4/2023-24 दिनांक 19-07-2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स ईगल इन्फ्रा इण्डिया लिमिटेड जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं फर्म मेसर्स गाजा जे0वी0 जी0ए0 इन्फ्रा द्वारा में योजनाओं के कार्य कराये जा रहे है। योजनाओं में मुख्य कार्यो में 03 नग इन्टेकवेल(118 एम0एल0डी0, 186 एम0एल0डी0, 145 एम0एल0डी0), 03 नग डब्ल्यू0टी0पी0(93 एम0एल0डी0, 148 एम0एल0डी0, 115 एम0एल0डी0), 9 नग सी0डब्ल्यू0आर0, 312 नग अवर जलाशय, 2027 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 11793 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली एवं अन्य कार्य प्रस्तावित है। जिसे माह जून 2025 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। फर्म द्वारा कार्यो की प्रगति शासन के पोर्टल jjm.up.gov.in पर साप्ताहिक अपडेट की जाती हैं। जिसकी समीक्षा प्रमुख सचिव महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति द्वारा भी साप्ताहिक की जाती है। पोर्टल के अनुसार कराये जा रहे कार्यों की प्रगति स्थिति निम्नवत हैं–

### 1. बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति :–

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 06/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 15.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स EIIL-SIPL(JV) द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी स्वीकृत लागत रू0 83633.82 लाख है जिसमें मुख्यतः कार्य इण्टेक वेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली के कार्य प्रस्तावित है। फर्म द्वारा प्रस्तुत PERT चार्ट एवं पोर्टल के अनुसार Activity Wise कार्यो की स्थिति निम्नवत है:–

1. **इण्टेक वेलः**—योजना के इन्टेक वेल के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील बैरिया के ग्राम गोपालपुर एवं केहरपुर में भूमि क्रय की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें इन्टेक वेल, मीटर रूम की भूमि क्रय की जा चुकी है एवं एप्रोच की आशिंक भूमि क्रय की जा चुकी है। ग्राम गोपालपुर में गाटा सं0 239 की आवश्यक भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में इन्टेक वेल के निर्माण कार्य बाढ़ से प्रभावित होने के कारण बन्द है।
2. **डब्ल्यू0टी0पी0ः**—योजना के डब्ल्यूटी0पी0 का निर्माण कार्य तहसील सदर के ग्राम दुधैला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गयी भूमि पर कराया जा रहा है। डब्ल्यूटी0पी0 के अन्तर्गत वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल, एरिएटर, बाईपास चौनल निर्माण कार्य, क्लेरीफ्लोक्युलेटर, फिल्टर हाउस, क्लीयर वाटर रिजरवायर, बैकवास टेंक, पम्प हाउस, केमिकल हाउस, क्लारीनेशन हाउस, एडमिन हाउस, लैब हाउस, का कार्य प्रागति पर है। प्लांट की प्रगति 68 प्रतिशत है। डब्ल्यूटी0पी0 हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।
3. **सी0डब्ल्यू0आर0ः**—योजना में 03 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य तहसील बैरिया के ग्राम इब्राहिमाबाद, तहसील बांसडीह के ग्राम बलवीर नैना एंव ग्राम शेरिया प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि पर कराया जा रहा है। तीनो सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 76 प्रतिशत से अधिक है एंव शेष कार्य प्रागति पर है। सी0डब्ल्यू0आर0 हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।
4. **अवर जलाशयः**— योजना अन्तर्गत 51 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सदर, बैरिया एवं बांसडीह के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। जिसमें फर्म द्वारा समस्त अवर जलाशय का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 06 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 12 नग अवर जलाशय की प्रगति 26 से 50 प्रतिशत, 21 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 12 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। अवर जलाशय हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।
5. **वितरण प्रणालीः**— योजना के विभिन्न जोन अन्तर्गत 521 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 2535 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली का कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 308 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 1745 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।

**2. हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति :—**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 01/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 14.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स मेसर्स L & T द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी स्वीकृत लागत रू0 138713.48 लाख है जिसमें मुख्यतः कार्य इण्टेक वेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली के कार्य प्रस्तावित है। फर्म द्वारा प्रस्तुत PERT चार्ट एवं पोर्टल के अनुसार Activity Wise कार्यो की स्थिति निम्नवत हैः—

1. **इण्टेक वेलः**—योजना के इन्टेक वेल के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील सदर के ग्राम हैबतपुर में भूमि क्रय की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें इन्टेक वेल, मीटर रूम की भूमि क्रय की जा चुकी है एवं एप्रोच की आशिंक भूमि क्रय की जा चुकी है एवं गाटा सं0 402, 403 625 एवं 736/607 की आवश्यक भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में इन्टेक वेल के निर्माण कार्य बाढ़ से प्रभावित होने के कारण बन्द है। इन्टेक वेल के एप्रोच मार्ग हेतु सर्वेक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। जिसके क्रम में फर्म द्वारा रि—डिजाइन की कार्यवाही की जा रही है। इन्टेक वेल का कार्य 62 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य रि—डिजाइन उपलब्ध होने एवं उक्त की स्वीकृति के उपरान्त प्रारम्भ कराया जायेगा।

2. **डब्ल्यू0टी0पी0:–**योजना के डब्ल्यूटी0पी0 के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील सदर के ग्राम कटरिया में भूमि क्रय की कार्यवाही की जा रही है। डब्ल्यू0टी0पी0 हेतु प्लांट के अधिकांश भूमि के क्रय की कार्यवाही की जा चुकी है एवं गाटा सं0 318, 322, 314 एवं 315 की आवश्यक भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। डब्ल्यूटी0पी0 के अन्तर्गत वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल, एरिएटर, बाईपास चौनल निर्माण कार्य, क्लेरीफ्लोक्युलेटर, बैकवास टेंक, पम्प हाउस, केमिकल हाउस, क्लारीनेशन हाउस, एडमिन हाउस, लैब हाउस, का कार्य प्रागति पर है। प्लांट की प्रगति 28 प्रतिशत है।
3. **सी0डब्ल्यू0आर0:–**योजना में 04 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य तहसील रसडा के ग्राम हिंगुवाडीह, तहसील सदर के ग्राम करनई, ग्राम सुखपुरा एंव ग्राम शेर प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि पर कराया जा रहा है। 04 सी0डब्ल्यू0आर0 का निमार्ण कार्य प्रगति पर है। जिसमें 02 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 02 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। सी0डब्ल्यू0आर0 के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।
4. **अवर जलाशय:–** योजना अन्तर्गत 151 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील बांसडीह, सदर एवं रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। फर्म को 145 नग अवर जलाशय की भूमि उपलब्ध है। जिसमें 02 नग भूमि पर जल भराव के कारण कार्य बाधित है। एवं 143 नग अवर जलाशय का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 74 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 42 नग अवर जलाशय की प्रगति 26 से 50 प्रतिशत, 14 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 09 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। 04 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण है। 06 नग अवर जलाशयों की भूमि पर फर्म द्वारा स्थानीय विवाद सूचित किया गया है। अवर जलाशयों के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।
5. **वितरण प्रणाली:–** योजना के विभिन्न जोन अन्तर्गत 748 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 4781 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली का कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 38 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 1535 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।

**3. मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति :–**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 11/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 19.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स GAJA-GAINFRA(JV), द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी स्वीकृत लागत रू0 118033.66 लाख है जिसमें मुख्यतः कार्य इण्टेक वेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली के कार्य प्रस्तावित है। फर्म द्वारा प्रस्तुत PERT चार्ट एवं पोर्टल के अनुसार Activity Wise कार्यो की स्थिति निम्नवत है:–

1. **इण्टेक वेल:–**योजना के इन्टेक वेल के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील बेल्थरारोड के ग्राम हल्दीरामपुर में इन्टेक वेल, मीटर रूम एवं एप्रोच की भूमि क्रय की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिसमें काफर डैम का निर्माण कार्य एवं इन्टेक वेल के खुदाई का कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में इन्टेक वेल के निर्माण कार्य बाढ़ से प्रभावित होने के कारण बन्द है। जिसके क्रम में फर्म द्वारा रि–डिजाइन की कार्यवाही की जा रही है। इन्टेक वेल का कार्य 74 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य रि–डिजाइन उपलब्ध होने एवं उक्त की स्वीकृति के उपरान्त प्रारम्भ कराया जायेगा।
2. **डब्ल्यू0टी0पी0:–**योजना के डब्ल्यूटी0पी0 के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील सिकन्दरपुर के ग्राम जमालपुर में भूमि क्रय की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। डब्ल्यूटी0पी0 के अन्तर्गत वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल, एरिएटर, बाईपास चौनल निर्माण कार्य, क्लेरीफ्लोक्युलेटर, फिल्टर हाउस, क्लीयर

वाटर रिजरवायर, बैकवास टेंक, पम्प हाउस, केमिकल हाउस, क्लारीनेशन हाउस, एडमिन हाउस, लैब हाउस, का कार्य प्रागति पर है। प्लांट की प्रगति 21 प्रतिशत है।

3. **सी0डब्ल्यू0आर0:–**योजना में 03 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर के ग्राम जमालपुर, ग्राम गौरा मदनपुरा एवं तहसील रसडा के ग्राम गौरीतार में कराया जाना प्रस्तावित है। जिसमें 04 सी0डब्ल्यू0आर0 का निमार्ण कार्य प्रगति पर है। तीनो सी0डब्ल्यू0आर0 के अन्तर्गत वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। जिसमें 01 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 01 से 25 प्रतिशत एवं 02 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। सी0डब्ल्यू0आर0 के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।
4. **अवर जलाशयः–** योजना अन्तर्गत 110 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील बांसडीह, सिकन्दरपुर एवं बेल्थरा रोड के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। फर्म को 106 नग अवर जलाशय की भूमि उपलब्ध है। जिसमें 03 नग भूमि पर जल भराव के कारण कार्य बाधित है। एवं 103 नग अवर जलाशय का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 43 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 25 नग अवर जलाशय की प्रगति 26 से 50 प्रतिशत, 18 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 11 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। 06 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण है। 04 नग अवर जलाशयों की भूमि पर फर्म द्वारा स्थानीय विवाद सूचित किया गया है। अवर जलाशयों के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।
5. **वितरण प्रणाली:–** योजना के विभिन्न जोन अन्तर्गत 758 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 4477 *किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली का कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 336 किमी0* राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 2083 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।

4. **सतही स्रोत योजनाओं में एवं पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं विद्युत विभाग के कार्यों की स्थिति :–**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सतही स्रोत आधारित निर्माणाधीन योजनाओं मे 15 नग योजनाओं में विद्युत संयोजन की धनराशि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को माह मई में प्रेषित किये जाने के उपरान्त भी योजनाओं पर विद्युत संयोजन की कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गयी है। उपरोक्त के क्रम में प्रत्येक योजनावार बिल प्राप्ति एवं धनराशि प्रेषण एवं संयोजन की वास्तविक स्थिति की विस्तृत सूचना से अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय(वि0/याँ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सोनभद्र द्वारा सम्बधित विद्युत वितरण खण्ड को अवगत कराया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त 03 नग जलकल परिसर के ऊपर से लाइन शिफ्टिंग हेतु प्राक्कलन भी अपेक्षित है एवं पूर्व से निर्माणाधीन 03 नग योजनाओं क्रमशः पचवार, रोहना एवं बिढुआ की धनराशि विद्युत विभाग को प्रेषित करने के उपरान्त भी विद्युत संयोजन की कार्यवाही अपेक्षित है।

**निष्कर्ष एवं निर्देशः–**

1. फर्मो द्वारा योजनाओं के कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे हैं। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त फर्मो को अब तक उपलब्ध सभी र्निविवाद भूमि पर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये हैं। एवं साथ ही माहवार योजनार्न्तगत प्रत्येक घटक के लक्ष्य उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। सभी फर्म द्वारा लक्ष्य पूर्ति की कार्ययोजना उपलब्ध कराने के साथ योजना अन्तर्गत समस्त कार्य प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया गया है।
2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवर जलाशयओं के जलकल परिसर एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराई गयी भूमि पर स्थानीय विवाद के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को सम्बन्धित उपजिलाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर यथाशीघ्र निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवर जलाशयओं के जलकल परिसर एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध करायी गयी समस्त भूमि में भू-प्रबन्धन समिति से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में पुर्नग्रहण के कार्यवाही जनपद स्तर से यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया लिया गया। जिससे विवाद की स्थिति से बचा जा सकें।
4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय की जाने वाली भूमि में यथाशीघ्र अवशेष भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।
5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजनाओं अर्न्तगत जलकल परिसर के ऊपर से लाइन शिफ्टिंग हेतु प्राक्कलन उपलब्ध कराने एवं पूर्व से निर्माणाधीन योजनाओं में संयोजन की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण कराने के साथ निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित योजनाओं के विद्युत संयोजन को पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना एवं समय उपलब्ध कराने हेतु समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड को निर्देशित किया गया।

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं यथा–आई0एस0ए0, टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 एवं अन्य संस्थाओं को उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यो को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये एवं जनपद में निर्मित की जाने वाली सतही पेयजल योजना के निर्माण में आने वाली समस्त समस्याओं का निराकरण कराते हुए समस्त पेयजल योजनाओं के कार्यो को निर्धारित समय सीमा अन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

**(प्रवीण कुमार लक्षकार)**
जिलाधिकारी

पृ0सं0: 1241 /J.J.M/ 486 दिनांकः 11 / 11 /2023

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, किसान बाजार, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
3. मुख्य राजस्व अधिकारी, बलिया।
4. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलिया।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
6. जनपदीय टीम लीडर, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 लखनऊ।
7. जिला समन्वयक, प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट, बलिया।
8. परियोजना प्रबन्धक, समस्त कार्यदायी फर्म।

11/11/24

जिलाधिकारी